
vivo Y20


सेवा योजना
सेवा के माध्यम से
का विकास
2022.10.19 14:38

शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

तखतपुर दिनांक 1/06/21.....

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की गतिविधियाँ

सत्र 2021–22 में एन.एस.एस. इकाई द्वारा की गई तिविधियाँ निम्नलिखित है :–

1. 21 जून 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा योग किया गया।
2. 11 जुलाई 2021 को विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता अभियान रैली निकाली गई।
3. 28 जुलाई 2021 को (T.B.) क्षयरोग जागरूकता रैली।
4. 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर टिकरीपारा तालाब का सफाई अभियान।
5. 28 अगस्त 2021 को गोद ग्राम निगारबंद में स्वच्छता अभियान चलाते हुए रैली का आयोजन।
6. 01 सितम्बर 2021 को कोरोना टीकारण हेतु जागरूकता रैली (तखतपर के टिकरीपारा, आजाद चौक, पाठकपारा होते हुए गाँधी चौक तक) निकाली गई।
7. 01 सितम्बर 2021 से 07 सितम्बर 2021 तक पोषण सप्ताह मनाया गया (स्वयं सेवकों द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्र में जाकर कुपोषित बच्चों को पोषण आहार की सुविधा प्रदान करने में योगदान)।
8. 08 सितम्बर 2021 को स्वयं सेवकों द्वारा विश्व साक्षरता दिवस पर अपने आस–पास के लोगो को साक्षर करने का संकल्प लिया गया।
9. 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया।
10. 03 अक्टूबर 2021 को गाँधी जयंती के उपलक्ष्य पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
11. 02 से 08 अक्टूबर वन्य प्राणी सप्ताह संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम।
12. 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर यातायत जागरूकता अभियान व रैली।
13. 26 नवंबर 2021 को संविधान दिवस मनाया गया।
14. 10 दिसंबर 2021 को मानव अधिकार दिवस मानाया गया।
15. 28 दिसंबर 2021 से 03 जनवरी 2022 तक 07 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम लिदरी में आयोजित किया गया।
16. 24 फरवरी 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की 'B' प्रमाण–पत्र परीक्षा का आयोजन किया गयज्ञ
17. 25 फरवरी 2022 को ग्राम विजयपुर में ब्लू ब्रिगेड एन.एस.एस. इकाई द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया गया।
18. 10 मार्च 2022 को एन.एस.एस. व रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 21 यूनिट रक्तदान किया गया।

(डॉ. डी.पी. चन्द्रवंशी)
कार्यक्रम अधिकारी (NSS)
शास.जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

(डॉ. मधुलिका लाल)
प्राचार्य
षास.जे.एम.पी.महाविद्यालय तखतपुर
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय:
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)
—00—

क्रमांक 841/उ.शि/335/एफ–38–2/रा.से.यो./2021 रायपुर, दिनांक 15/06/2021

प्रति,

1. समस्त प्राचार्य
शासकीय एवं निजी महाविद्यालय,
छत्तीसगढ़।

2. समस्त कार्यक्रम समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना,
समस्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़।

विषय:– सेवा हेतु छत्तीसगढ़ टाइम बैंक ऐप की तैयार एवं क्रियान्वयन संबंधी।
संदर्भ:– सचिव, छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में आयोजित आभासी बैठक दिनांक 25.05.2021 एवं 03.06.2021.

—00—

विषयांतर्गत संदर्भित लेख है कि राष्ट्रीय सेवा योजनान्तर्गत टाइम बैंक सेवा एवं सुविधा के क्रियान्वयन हेतु आभासी बैठकों में प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए ऐप निर्माण तथा क्रियान्वयन संबंधी निर्णय लिये गये हैं। इस संदर्भ में ऐप तैयार करने हेतु स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. प्रकोष्ठ को जिम्मेदारी के साथ ऐप निर्माण/तैयारी के लिए वर्ष 2021–22 में राशि रू. 20,000/– (राशि रू. बीस हजार मात्र) की स्वीकृति दी गई है। ऐप की तैयारी एवं क्रियान्वयन हेतु कार्यक्रम समन्वयक (एनएसएस), स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई को प्रभारी बनाया गया है। समस्त प्राचार्य तत्काल एन.एस.एस. इकाई से विद्यार्थियों के साथ बैठक (आभासी) बुलवाएँ। छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गहन प्रशिक्षण दें। इच्छुक छात्र–छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए, उन्हें प्रोत्साहित कर पंजीयन करावें। सेवा हेतु छत्तीसगढ़ टाइम बैंक की अवधारणा एवं क्रियान्वयन के लिए ऐप निर्माण करते समय निम्नवत् बिन्दुओं का भी ध्यान रखा जाए।

1. इसमें सहभागिता महाविद्यालयीन छात्रों की ही होगी तथा जो कम से कम 01 वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक रह चुके हो या C प्रमाण पत्र हेतु पंजीकृत हो। इस प्रकार इस में सहभागिता करने वाले छात्रों की अधिकतम संख्या आगामी निर्देश तक 5000 ही रखी जाए।
2. सेवा का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राज्य होगा। यह पूर्णतया स्वैच्छिक होगा तथा किसी प्रकार की संस्थागत अथवा व्यक्तिगत बाध्यता नहीं होगी परंतु कार्यक्रम अधिकारियों का संपूर्ण नियंत्रण रहेगा।
3. किसी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका न रहे एवं विश्वास का वातावरण कायम हो इस दृष्टिकोण एक परिवार/व्यक्ति को सेवा हेतु न्यूनतम 02 छात्रों/छात्रा का होना जरूरी रहेगा तथा महिला हेतु छात्रा स्वयं सेवक को ही वरीयता दी जायेगी।
4. एक घण्टा सेवा देने पर 01 घण्टा का लाभ प्राप्ति (Give an hour gain an hour) अवधारणा पर आधारित इस योजना में एक्सचेंज का माध्यम 'टाइम क्रेडिट' ही रहेगा, धन या अन्य कोई सुविधा की प्राप्ति नहीं होगी तथा इसका मूलतः उद्देश्य जीवन में मंगल तथा आनंद सृजन एवं समाज सेवा ही रहेगा। किसी भी प्रकार का उपहार लेना वर्जित होगा।
5. स्वयं सेवक अपने द्वारा की दी गयी सेवाओं एवं उनके बदले में अर्जित टाइम क्रेडिट का उपयोग अपने परिवारजनों या मित्रों के परिवार के लिये कर सकेंगे जो 'Redeem' हो सकेगा।
6. सेवा के घण्टे का निर्धारण निम्न उद्देश्यों के लिये हो सकेगा –
   - वरिष्ठ नागरिकों से भावनात्मक जुड़ाव हेतु वरिष्ठ नागरिकों को सहायता, सहयोग, मनोरंजन, सुविधा प्रदाय।
   - अस्पताल के मरीजों की सहायता जिससे कि वे नियमित दिनचर्या में लौट सके।
   - उम्र अधिक हो जाने पर वरिष्ठ जनों को घर में सहायता हेतु व वृद्धाश्रम में सेवा कार्यों हेतु।

NSS 18/6/6

.......2


REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA



बृक्षारोपण के साथ रक्तदान-----आज JMP कॉलेज तखतपुर में NCC, NSS एवम यूथ रेडक्रोस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने छात्राओं ने भी सहभागिता का निर्वहन किया।कॉलेज की प्राचार्या,शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा अन्य के साथ प्रारम्भ में "रक्तदान में युवाओ की भूमिका" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया,तदुपरांत रक्तदान एवम बृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।












करता है
रेडक्रॉस
CADET CO
Govt.
COMES YOU
College,Takhatp